-1-

बोर्ड ऑफ स्टडीज मीटिंग (हिन्दी विभाग) 2020 -21

सोफिया गर्ल्स कॉलेज,अजमेर के हिंदी विभाग की छठी बी. ओ. एस मीटिंग दिनांक 04 जून 2020 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन संपन्न हुई । इस मीटिंग में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

| क्र.सं. | नाम | पद | प्रतिनिधि | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. नवीन नंदवाना | हिंदी विभागाध्यक्ष, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर | कुलपति द्वारा नामांकित | |
| 2. | डॉ. कुसुम शर्मा | सेवानिवृत, हिंदी विभागाध्यक्ष सोफिया गर्ल्स कॉलेज, अजमेर | शैक्षणिक परिषद द्वारा नामांकित (विषय विशेषज्ञ) | |
| 3. | श्रीमती स्वर्ण कांता अरोड़ा | सेवानिवृत व्याख्याता, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, अजमेर | शैक्षणिक परिषद द्वारा नामांकित (विषय विशेषज्ञ) | |
| 4. | डॉ.शकुंतला तंवर | सेवानिवृत व्याख्याता, सावित्री गर्ल्स कॉलेज, अजमेर | इंडस्ट्री एक्सपर्ट | |
| 5. | सुश्री श्वेता नामा | बी.ए. पार्ट III | छात्रा (प्राचार्या द्वारा नामांकित) | |
| 6. | डॉ.सुनीता सियाल | हिंदी विभागाध्यक्ष , सोफिया गर्ल्स कॉलेज, अजमेर | संयोजिका | |

जेंडा (कार्यसूची)

1.गत सभा की कार्यवाही विवरण एवं कार्यवृत्त को पढ़ना एवं पुष्टि करना।

2.बी.ए. सेमेस्टर i -vi वर्ष 2018-19,2019-20, 2020-21(कोविड-19 के सन्दर्भ में) हिन्दी एवं सामान्य हिंदी पाठ्यक्रम पर विचार करके अनुमोदन करना। सामान्य हिन्दी के परीक्षा पेपर में अंक निर्धारण के बारे में विचार करना,जिसके अंतर्गत 30 अंक वस्तुनिष्ठ प्रश्न ऑनलाइन के रूप में व 20 अंक वर्णनात्मक प्रश्न लिखित रूप में निर्धारित करना ।

3.पाठ्यक्रम में Swayam/Moocs/NEPTEL/Govt.Portal से Add-on Course को सम्मिलित करने हेतु विचार करना ।

4.सदस्यों को सफलतापूर्वक संचालित ई- लर्निंग कक्षाओं और ई-कंटेंट के बारे में अवगत कराना।

5. पूर्व छात्राओं के प्लेसमेंट व प्रगति के बारे में सूचित करना।

5. हित धारकों द्वारा फीडबैक विश्लेषण (इन्फ्रास्ट्रक्चरल सुविधाएं, पाठ्यक्रम संरचना/ शिक्षण शिक्षा/रोजगार) के बारे में सूचित करना।

6. विभागीय प्रमुख उपलब्धियों और घटनाओं के बारे में अवगत कराना।

7. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर विचार।

मिनिट्स (Minutes)

- बी. ओ. एस मीटिंग दिनांक 04 जून 2020 को ऑनलाइन संपन्न हुई।
- संयोजिका द्वारा सदस्यों के स्वागत के साथ मीटिंग प्रारंभ की गई।सभी ने अपना - अपना परिचय दिया।

एजेंडा के क्रमवार बिंदु लिए गए–

- सर्वप्रथम गत सभा की कार्यवाही व कार्यवाही विवरण को पढ़कर सुनाया व पुष्टि की गई।
- इसके बाद बी.ए. सेमेस्टर i-vi वर्ष 2018-19,2019-20, 2020-21(कोविड-19 के सन्दर्भ में) हिन्दी एवं सामान्य हिंदी पाठ्यक्रम पर विचार करके अनुमोदन किया गया । सामान्य हिन्दी के परीक्षा पेपर में अंक निर्धारण के बारे में विचार किया गया,,जिसके अंतर्गत 30 अंक वस्तुनिष्ठ प्रश्न ऑनलाइन के रूप में व 20 अंक वर्णनात्मक प्रश्न लिखित रूप में निर्धारित किये गए ।
- सदस्यों को सफलतापूर्वक संचालित ई-लर्निंग कक्षाओं और ई-कंटेंट के बारे में अवगत कराया गया।
- पूर्व छात्राओं के सेवारत, उन्नति के बारे में चर्चा की गई ।
- प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों के फीडबैक विश्लेषण, विभागीय प्रमुख आयोजन और उपलब्धियों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया गया ।

विभागीय गतिविधियां–

- दिनांक 14 अक्टूबर 2019 को राजस्थान साहित्य अकादमी,उदयपुर व नाट्यवृन्द संस्था, अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की सभी छात्राओं हेतु रचनात्मक कहानी लेखन कार्यशाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 20 दिसम्बर 2019 को 6th अजमेर लिटरेचर फेस्टिवल में विद्यार्थियों को इंडोर स्टेडियम पटेल मैदान के पास,अजमेर में जाने अवसर मिला ।
- दिनांक 21 दिसम्बर 2019 को परस्पर संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया ।

- दिनांक २२ फरवरी 2020 को मातृभाषा दिवस पर 'मातृभाषा-राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

- सदस्यों को बताया कि छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा जाता और फिर उनका उचित समाधान भी किया जाता साथ ही पारिवारिक सदस्यों के बारे में भी जानकारी ली जाती ॥
- मीटिंग में परीक्षक - सूची प्रस्तावित की गई ।

सकारात्मक सुझाव दिए गए जिनमें यह सम्मिलित है -

प्रोफेसर नवीन नंदवाना ने सुझाव दिया कि सामान्य हिंदी के पाठ्यक्रम के अंतर्गत निबंध में कोविड -19 से संबंधित निबंध में अन्य विषय जोड़े जा सकते हैं। पाठ्यक्रम में रचनात्मक लेखन (क्रिएटिव राइटिंग) पर ऑनलाइन एड- ऑन कोर्स करवाया जा सकता है । विद्यार्थियों को इस हेतु निश्चित पाठ्यक्रम पर सामग्री ऑडियो व वीडियो उपलब्ध करवाए जा सकते है। यह पाठ्यक्रम साहित्य की विभिन्न विधाओं जैसे कविता,कहानी व नाटक पर आधारित होगा। इससे विद्यार्थी में रचनात्मक कौशल का विकास होगा।

श्रीमती स्वर्ण कांता अरोड़ा ने सुझाव दिया कि सेमेस्टर 502 में जैनेंद्र की दुख कहानी सम्मिलित कर सकते हैं। यह कहानी कोविड़-19 के संदर्भ में प्रासंगिक है। मेरा घर कहां व खोई हुई दिशाएं कहानी को हटा सकते हैं। साथ ही सेमेस्टर 602में कोविड़-19 से संबंधित अच्छी कविता पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर सकते हैं जो वर्तमान में हमारे जीवन मूल्यों को प्रभावित कर रही है।

डॉक्टर कुसुम शर्मा ने सुझाव दिया कि सामान्य हिंदी में शब्द शुद्धि के अंतर्गत कोविड -19 के समय जो नवीन शब्द प्रचलन में आए हैं, उन्हें हम जोड़ सकते हैं।

डॉक्टर शकुंतला तवर ने कहा कि वर्तमान में कोरोना महामारी का बचाव हमारी भारतीय सभ्यता व संस्कृति के अनुसार रहन-सहन में निहित है। इससे संबंधित कोई बिंदु पाठ्यक्रम में जोड़ सकते हैं ।

तृतीय वर्ष की छात्रा सुश्री श्वेता नामा ने कहा कि हमारे कॉलेज में हिंदी दिवस पर हिंदी सप्ताह का आयोजन करके विद्यार्थियों हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं। साथ ही कोविड़-19 से संबंधित विषयों पर कहानी व कविता लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा सकता है।

पूर्व छात्रा मोनालिसा मीटिंग में अनुपस्थित रही ।

सभी सदस्य पाठ्यक्रम के सुझावो पर सहमत थे ।

संयोजिका ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की।



डॉ.सुनीता सियाल
संयोजिका
Head
Department of Hindi
Sophia Girls' College
(Autonomous), Ajmer

Dr.Sister Pearl

P... [illegible]
SOPHIA GIRLS' COLLEGE
(AUTONOMOUS)
AJMER